8. **वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – कार्यालय उपसंचालक/वनमण्डलाधिकारी, सूरजपुर उपवनमंडल, सूरजपुर के ज्ञापन क्रमांक/क्र.वि./4867 सूरजपुर, दिनांक 06/12/2018 की जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

9. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–नगर 1 कि.मी., स्कूल ग्राम–नगर 1 कि.मी. एवं अस्पताल प्रेमनगर 7.5 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 75 कि.मी. दूर है। पूरा खदान में 311 मीटर की दूरी पर अस्पताल में स्थित है। प्रस्तुत सि खदान के 1 कि.मी. की दूरी तक एनीकट स्थित नहीं है।

10. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राष्ट्रीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

11. **खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई एवं खदान की नदी तट की दूरी** – आवेदन अनुसार खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई – अधिकतम 158 मीटर, न्यूनतम 114 मीटर तथा खनन स्थल की लंबाई – अधिकतम 932 मीटर, न्यूनतम 805 मीटर एवं चौड़ाई – अधिकतम 72 मीटर, न्यूनतम 63 मीटर

दर्शाई गई है। खदान की नदी तट के किनारे से दूरी अधिकतम 37 मीटर, न्यूनतम 10 मीटर है, जबकि इसकी नदी तट से न्यूनतम दूरी 7.5 मीटर अथवा नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत होना चाहिए।

12. **खदान स्थल पर रेत की मोटाई** – आवेदन अनुसार स्थल पर रेत की गहराई – 5 मीटर तथा रेत खनन की प्रस्तावित गहराई – 3 मीटर दर्शाई गई है। अनुमोदित माईनिंग प्लान अनुसार खदान में माईनेबल रेत की मात्रा – 84,528 घनमीटर है। रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत सतह की मोटाई जानने के लिए, प्रस्तावित स्थल पर 5 गड्ढे (Pits) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की गई है। इसके अनुसार रेत की उपलब्ध औसत मोटाई 3.38 मीटर है। रेत की वास्तविक गहराई हेतु पंचनामा भी प्रस्तुत किया गया है।

13. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण**– इस खदान को पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है।

14. **खदान क्षेत्र में रेत सतह के लेवल्स** – रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल एवं प्रस्तावित स्थल के चारों तरफ 100 मीटर की दूरी तक, 25 मीटर गुणा 25 मीटर के कि बिन्दुओं पर दिनांक 26/01/2021 को रेत सतह के वर्तमान लेवल्स (Levels) लेकर, उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है।

15. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा समिति के समक्ष विचार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:-

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
31	2%	0.62	Following activities at Nearby Government Middle School, Village-Nanna	
			Rain Water Harvesting System	0.30
			Running water facility for Toilets	0.20
			Plantation with fencing	0.15
			Total	0.65

16. **कैप्टिव माईनिंग क्षेत्र** –

i. नदी के पाट की चौड़ाई अधिकतम 158 मीटर, न्यूनतम 114 मीटर है, जबकि खदान की नदी तट के किनारे से दूरी अधिकतम 37 मीटर, न्यूनतम 10 मीटर है। नये दिशा निर्देशों के अनुसार नदी तट से न्यूनतम 7.5 मीटर अथवा नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत दूरी तक के क्षेत्र में खनन नहीं किया जा सकता। माईनिंग प्लान के अनुसार नदी तट के किनारे से खनन क्षेत्र की दूरी नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत अधिकतर

उत्खनन किया जाना प्रस्तावित है, जिससे 127 वर्गमीटर गैर माईनिंग क्षेत्र रखा गया है।

ii. पुल खदान से 311 मीटर की दूरी पर अवस्थीत में स्थित है। नये गाइडलाईन अनुसार पुल अवस्थीत में स्थित होने के कारण खदान से पुल की दूरी कम से कम 500 मीटर होना आवश्यक है। अतः पुल की तरफ से खदान से 189 मीटर लंबाई का खनन क्षेत्र को खनन के लिए प्रतिबंधित किया गया है। उपरोक्तानुसार माईनिंग प्लान अनुसार 7,388 वर्गमीटर गैर माईनिंग क्षेत्र रखा गया है।

iii. उपरोक्तानुसार माईनिंग प्लान में कुल गैर माईनिंग क्षेत्र 7,486 वर्गमीटर प्रस्तावित किया गया है। अतः ऐसे उत्खनन का कार्य खदान के अवशेष 4.231 हेक्टेयर क्षेत्र में किया जाना प्रस्तावित है।

17. समिति के संज्ञान में यह तथ्य आया कि खदान क्षेत्र की न्यूनतम चौड़ाई 43 मीटर है। पुल की तरफ से खदान से 189 मीटर छोड़े जाने पर कम से कम 8,127 वर्गमीटर क्षेत्र होता है। जबकि प्रस्तुत माईनिंग प्लान में 7,388 वर्गमीटर गैर माईनिंग क्षेत्र रखा गया है। इस प्रकार प्रस्तुत माईनिंग प्लान में गैर माईनिंग क्षेत्र हेतु की गई गणना में त्रुटि है। अतः वास्तविक गैर माईनिंग क्षेत्र की गणना करते हुये संशोधित माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि परियोजना प्रस्तावक को उपरोक्त विवरण अनुसार गैर माईनिंग क्षेत्र की गणना करते हुये संशोधित अनुमोदित माईनिंग प्लान प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ की 384वीं बैठक दिनांक 27/02/2021 के परिक्रम में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 25/03/2021 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

(ग) समिति की 384वीं बैठक दिनांक 25/03/2021:

समिति द्वारा नवीनतम प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:–

1. संशोधित अनुमोदित माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो खनिज अधिकारी, जिला-कोरिया के ज्ञापन पृ.क्रमांक 488/खनिज/2021 कोरिया बैकुण्ठपुर, दिनांक 08/03/2021 द्वारा अनुमोदित है।

2. **गैर माईनिंग क्षेत्र –**

   i. नदी के पाट की चौड़ाई अधिकतम 156 मीटर, न्यूनतम 114 मीटर है, जबकि खदान की नदी तट के किनारे से दूरी अधिकतम 27 मीटर, न्यूनतम 10 मीटर है। नये दिशा निर्देशों के अनुसार नदी तट से न्यूनतम 7.5 मीटर अथवा नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत दूरी तक के क्षेत्र में खनन नहीं किया जा सकता। माईनिंग प्लान के अनुसार नदी तट के किनारे से खनन क्षेत्र की दूरी नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत छोड़कर उत्खनन किया जाना प्रस्तावित है, जिससे 127 वर्गमीटर गैर माईनिंग क्षेत्र रखा गया है।

   ii. पुल खदान से 311 मीटर की दूरी पर अवस्थीत में स्थित है। नये गाइडलाईन अनुसार पुल अवस्थीत में स्थित होने के कारण खदान से पुल की दूरी कम से कम 500 मीटर होना आवश्यक है। अतः पुल की तरफ से खदान से 189 मीटर लंबाई का खनन क्षेत्र को खनन के लिए प्रतिबंधित

किया गया है। उपरोक्तानुसार माईनिंग प्लान अनुसार 0.487 हेक्टेयर गैर माईनिंग क्षेत्र रखा गया है।

iii. उपरोक्तानुसार माईनिंग प्लान में कुल गैर माईनिंग क्षेत्र 0.614 हेक्टेयर प्रस्तावित किया गया है। अतः रेत उत्खनन का कार्य खदान के अवशेष 4.218 हेक्टेयर क्षेत्र में किया जाना प्रस्तावित है।

3. रेत उत्खनन मैनुअल विधि से एवं भराई का कार्य लोडर द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है।

4. परियोजना प्रस्तावक द्वारा 2 मीटर की गहराई तक उत्खनन की अनुमति मांगी है। अनुमोदित उत्खनन योजना में उत्खनन किए जाने वाले क्षेत्र की वर्षिक रेत पुनःभरण संबंधी अध्ययन कार्य एवं तलकटी आंकड़ों का समावेश नहीं किया गया है। अतैव नदी छोटी नदी है तथा इसमें वर्षाकाल में सामान्यतः 1 मीटर गहराई से अधिक रेत का पुनःभरण होने की संभावना है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–

1. आवेदित खदान (ग्राम–गमना) का रकबा 4.88 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में अधिसूचित/संचालित खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर या उससे कम होने के कारण यह खदान बी–2 श्रेणी की मानी गयी।

2. **पुनर्वास कार्य** – प्रस्तावित से अवैध रूप नदी तट पर कुल 2,500 नग पौधे – 1,250 नग अर्जुन के पौधे तथा शेष 1,250 नग (जामुन, करंज, बांस आदि) पौधे लगाए जावेंगे। इसके अतिरिक्त वृहद मार्ग पर 750 नग पौधे लगाए जावेंगे।

3. परियोजना प्रस्तावक रेत खदान क्षेत्र में आगामी 1.5 वर्ष में विस्तृत गाद अध्ययन (Siltation Study) करायेगा, ताकि रेत के पुनःभरण (Replenishment) बाबत सही आंकड़े, रेत उत्खनन का नदी, नदीतल, स्थानीय वनस्पति, जीव एवं सूक्ष्म जीवों पर प्रभाव तथा नदी के पानी की गुणवत्ता पर रेत उत्खनन के प्रभाव की सही जानकारी प्राप्त हो सके।

4. **लीज क्षेत्र की सतह का बेसलाईन डाटा –**

   i. रेत खनन उपरांत मानसून के पूर्व (मई माह के अंतिम सप्ताह/जून के प्रथम सप्ताह) इसी चिन्ह बिन्दुओं में माईनिंग लीज क्षेत्र तथा लीज क्षेत्र के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में 500 मीटर तक तथा खनन लीज के बाहर / नदी तट (दोनों ओर) से 100 मीटर तक के क्षेत्र में नदी सतह के स्तरों (Levels) का सर्वे पूर्व निर्धारित चिन्ह बिन्दुओं पर किया जावेगा।

   ii. इसी प्रकार मानसून के बाद (अक्टूबर/नवम्बर माह में रेत उत्खनन प्रारंभ करने के पूर्व) इसी चिन्ह बिन्दुओं पर रेत सतह के लेवल्स (Levels) का मापन किया जाएगा।

   iii. रेत सतह के पूर्व निर्धारित चिन्ह बिन्दुओं पर रेत सतह के लेवल्स (Levels) के मापन का कार्य आगामी 3 वर्ष तक निरंतर किया जाएगा। पोस्ट–मानसून के आंकड़े दिसम्बर 2021, 2022, 2023 एवं प्री–मानसून के आंकड़े अगस्त 2021, 2022, 2023 तक जनवरी माह में एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत किए जावेंगे।

5. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से श्री अभिषेक साहू एस–2, नमन सिन्ध माईन, खसरा क्रमांक 121, 584 एवं 585, ग्राम–गमना,

तहसील–टेमलगर, जिला–सूरजपुर, कुल लीज क्षेत्रफल 4.88 हेक्टेयर में से गैर माईनिंग क्षेत्र 0.874 हेक्टेयर क्षेत्र कम करने 4.016 हेक्टेयर क्षेत्र में, रेत उत्खनन अधिकतम 1 मीटर की गहराई तक सीमित रखते हुए, कुल 40,000 घनमीटर प्रतिवर्ष रेत उत्खनन हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति, जारी दिनांक से 02 वर्ष तक की अवधि हेतु दिये जाने की अनुशंसा की गई। रेत की खुदाई मशिनों द्वारा (Manually) की जाएगी। रिवर बेड (River Bed) में भारी मशीनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। लीज क्षेत्र में स्थित रेत खुदाई गड्ढे (Excavation pits) से लेकिंग पाईंट तक रेत का परिवहन ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा किया जाएगा।

8. गैर माईनिंग क्षेत्र एवं अवशेष माईनिंग क्षेत्र का मौके पर खनिज विभाग से स्पष्ट सीमांकन कराने के उपरांत ही खनिज विभाग द्वारा उत्खनन की अनुमति दी जाएगी।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 13/05/2021 को संपन्न 12वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा नस्ती का अवलोकन किया गया। विचार विमर्श उपरांत प्राधिकरण द्वारा सर्वसम्मति से समिति की अनुशंसा को स्वीकार करते हुये की अभिषेक साहू एस–2, नमना क्षेत्र माईन, खसरा क्रमांक 727, 884 एवं 885, ग्राम–नमना, तहसील–टेमलगर, जिला–सूरजपुर, कुल लीज क्षेत्रफल 4.88 हेक्टेयर में से गैर माईनिंग क्षेत्र 0.874 हेक्टेयर क्षेत्र कम करने 4.016 हेक्टेयर क्षेत्र में, रेत उत्खनन अधिकतम 1 मीटर की गहराई तक सीमित रखते हुए, कुल 40,000 घनमीटर प्रतिवर्ष रेत उत्खनन हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति, जारी दिनांक से 02 वर्ष तक की अवधि हेतु दिये जाने का निर्णय लिया गया।

परियोजना प्रस्तावक को पर्यावरणीय स्वीकृति जारी किया जाए।

46. मैसर्स श्री कौशलेन्द्र पूरन (एक–1, उमेशपुर सैण्ड माईन), ग्राम–उमेशपुर, तहसील–रामानुजनगर, जिला–सूरजपुर (प्रभिलाख का नस्ती क्रमांक 5522)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एमआईए / सीजी / एमआईएन / 166202/2021, दिनांक 15/01/2021।

प्रस्ताव का विवरण – यह प्रस्तावित रेत खदान (मीनर खनिज) है। यह खदान ग्राम–उमेशपुर, तहसील–रामानुजनगर, जिला–सूरजपुर स्थित खसरा क्रमांक 48 एवं 1414, कुल क्षेत्रफल – 4.88 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। उत्खनन गोमती नदी से किया जाना प्रस्तावित है। खदान की अनुमोदित उत्खनन क्षमता – 80,802 घनमीटर प्रतिवर्ष है।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 350वीं बैठक दिनांक 27/01/2021

समिति द्वारा प्रकरण की नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण तथा **उपस्थित सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया कि:–**

1. प्रस्तावित खनन क्षेत्र की लंबाई एवं चौड़ाई तथा नदी के पाट की चौड़ाई की जानकारी प्रस्तुत की जाए।
2. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल एवं प्रस्तावित स्थल के अपस्ट्रीम तथा डाउनस्ट्रीम में 100 मीटर की दूरी तक, 25 मीटर गुणा 25 मीटर का ग्रिड आकार, प्रतिसम्प में रेत स्तर के लेवल्स (Levels) लेकर ग्रिड मैप में प्रदर्शित कर,

प्रस्तुत किये जावें। इनके अतिरिक्त खनन क्षेत्र के बाहर / नदी तट (दोनों ओर) से 100 मीटर तक के क्षेत्र में नदी सतह के स्तरों (Levels) का भी सर्वे किया जावे। उक्त लेवल्स (Levels) हेतु कम से कम 2 टेम्परेरी बेंच मार्क (Concrete TBM structure) निर्मित किये जावें। टेम्परेरी बेंच मार्क (TBM) में आरएल, को-ऑर्डिनेट्स (Co-ordinates) अंकित किये जावें। क्षिप्त मैप में टेम्परेरी बेंच मार्क (TBM) को भी दर्शाकर उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये जावें।

3. नदीतट से खदान की सीमा की दूरी न्यूनतम 7.5 मीटर या नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत (जो भी अधिक हो) रखी जानी है। यदि इसके अनुसार खदान के कुछ क्षेत्र में उत्खनन किया जाना संभव न हो तो उसकी गणना कर, नक्शे पर दर्शाकर, इसका उल्लेख माईनिंग प्लान में अनिवार्य रूप से कराया जावे। खदान के खनन क्षेत्र एवं प्रतिबंधित क्षेत्र को नीचे पर खनिज विभाग से सीमांकन कराकर, प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाए।

4. प्रस्तावित स्थल से निकटतम पुल, बांध, एनीकट एवं जल आपूर्ति स्रोत की दूरी बाबत् जानकारी प्रस्तुत की जाए। पुल /एनीकट की दूरी खदान के अपस्ट्रीम में न्यूनतम 500 मीटर तथा डाउनस्ट्रीम में न्यूनतम 200 मीटर रखा जाना आवश्यक है। यदि लीज क्षेत्र उपरोक्तानुसार दूरी के अंदर स्थित हो, तो उपरोक्त आधार पर खनन हेतु प्रतिबंधित क्षेत्र को आवश्यकतानुसार नक्शे पर चिन्हित कर, उसका नीचे पर सीमांकन तथा माईनिंग प्लान में इस बाबत् उल्लेख किया जाए।

5. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत की गहराई जानने के लिए प्रति हेक्टेयर में कम से कम एक गड्ढा (Pit) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का पता कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की जाए। रेत की वास्तविक गहराई हेतु पंचनामा भी प्रस्तुत किया जावे।

6. यदि पूर्व में आवंटित स्थल पर खनन हेतु जल्द मार पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ अथवा जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (डी.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति दी गई हो, तो पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति एवं अनिवार्य शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी फोटोग्राफ सहित प्रस्तुत की जाए। साथ ही पुनर्वास की अद्यतन स्थिति की जानकारी फोटोग्राफ सहित प्रस्तुत की जाए।

7. यदि खदान पूर्व से संचालित है, तो जिला स्तरीय में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।

8. सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु विस्तृत प्रस्ताव पूर्ण विवरण के साथ प्रस्तुत किया जाए।

9. यदि निदेशक एवं परियोजना प्रबंधक को खदान में रेत के लेवल्स (Levels) लेने वाले सर्वेयर (Surveyor) के साथ उपरोक्त समस्त सूचनाएं जानकारी / दस्तावेज (प्रमाण फोटोग्राफ) सहित प्रस्तुतीकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार यदि निदेशक एवं परियोजना प्रबंधक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के प्रमाण दिनांक 22/02/2021 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

(ब) समिति की 350वीं बैठक दिनांक 27/02/2021:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री राजेश कुमार सिंह, अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुए। समिति द्वारा खनी, प्रस्तुत आपत्ती का अवलोकन एवं परीक्षण करने का निम्न स्थिति पाई गई:–

1. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – ग्रा० उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत उमेशपुर का दिनांक 23/08/2018 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

2. **चिन्हांकित/सीमांकित** – कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा से प्राप्त प्रमाण पत्र अनुसार यह खदान चिन्हांकित/सीमांकित कर सीमित है।

3. **उत्खनन योजना** – माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो खनि अधिकारी, जिला–सोनभद्र के ज्ञापन क्रमांक 87/खनिज/2021 मोनिका बैकुण्ठपुर, दिनांक 12/01/2021 द्वारा अनुमोदित है।

4. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–सूरजपुर के ज्ञापन क्रमांक 21/खनि/न.क. 18/2021, सूरजपुर, दिनांक 08/01/2021 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य ग्रेनाइट खदानों की संख्या निरंक है।

5. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–सूरजपुर के ज्ञापन क्रमांक 18/खनि/न.क. 18/2021, सूरजपुर, दिनांक 08/01/2021 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान के 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे पुल, बांध, एनीकट, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र निर्मित नहीं है।

6. **एन.ओ.आई. का विवरण** – एन.ओ.आई. की कॉपी/पूर्वा की नकल पत्र है, जो कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–सूरजपुर के ज्ञापन क्रमांक 1088/सी.ग्रा.रे./वि.अ./न.क.18/2020 सूरजपुर, दिनांक 28/11/2020 द्वारा जारी की गई, जिसकी अवधि 6 माह हेतु वैध है।

7. **डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2019 की डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

8. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–उमेशपुर 1 कि.मी., स्कूल ग्राम–उमेशपुर 4.5 कि.मी. एवं अस्पताल रामानुजनगर 21 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 70 कि.मी. एवं राज्यमार्ग 5 कि.मी. दूर है। कुल खदान से 225 मीटर की दूरी पर आरक्षित वन स्थित है। स्वीकृत ग्रेनाइट खदान के 1 कि.मी. की दूरी तक एनीकट स्थित नहीं है।

9. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अन्तर्राष्ट्रीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

10. **खनन स्थल का नदी के पाट की चौड़ाई एवं खदान की नदी तट से दूरी** – आवेदन अनुसार खनन स्थल का नदी के पाट की चौड़ाई – अधिकतम 130 मीटर, न्यूनतम 62 मीटर तथा खनन स्थल की लंबाई – अधिकतम 1456 मीटर, न्यूनतम 1400 मीटर एवं चौड़ाई – अधिकतम 47 मीटर, न्यूनतम 21 मीटर

दर्शाई गई है। खदान की नदी तट के किनारे से दूरी अधिकतम 41 मीटर, न्यूनतम 8 मीटर है, जबकि इसकी नदी तट से न्यूनतम दूरी 7.5 मीटर अथवा नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत होना चाहिए।

11. **खदान स्थल पर रेत की मोटाई** – आवेदन अनुसार स्थल पर रेत की गहराई – 3 मीटर तथा रेत खनन की प्रस्तावित गहराई – 2 मीटर दर्शाई गई है। अनुमोदित माईनिंग प्लान अनुसार खदान में माईनेबल रेत की मात्रा – 60,822 घनमीटर है। रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत सतह की मोटाई जानने के लिए, प्रस्तावित स्थल पर 5 गड्ढे (Pits) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रस्तावित जानकारी प्रस्तुत की गई है। इसके अनुसार रेत की उपलब्ध औसत मोटाई 3.31 मीटर है। रेत की वास्तविक गहराई हेतु नक्शा भी प्रस्तुत किया गया है।

12. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण**– इस खदान को पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है।

13. **खदान क्षेत्र में रेत सतह के लेवल्स** – रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल एवं प्रस्तावित स्थल के चारों तरफ में 100 मीटर की दूरी तक, 25 मीटर गुणा 25 मीटर के ग्रिड बिन्दुओं पर दिनांक 25/01/2021 को रेत सतह के वर्तमान लेवल्स (Levels) लेकर, उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ सहित जानकारी/डायाग्राम प्रस्तुत किये गये है।

14. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा समिति के समक्ष दिशार से वर्षा उपरांत निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:–

Capital Investment (In Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (In Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (In Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (In Lakh Rupees)
39.7	2%	0.79	Following activities at Nearby Government Primary School, Village- Umeshpur	
			Rain Water Harvesting System	0.60
			Running water facility for Toilets	0.20
			Total	0.80

15. **नॉन माईनिंग क्षेत्र** – नदी के पाट की चौड़ाई अधिकतम 156 मीटर, न्यूनतम 62 मीटर है, जबकि खदान की नदी तट के किनारे से दूरी अधिकतम 41 मीटर, न्यूनतम 8 मीटर है। नये दिशा निर्देशों के अनुसार नदी तट से न्यूनतम 7.5 मीटर अथवा नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत दूरी तक के क्षेत्र में खनन नहीं किया जा सकता। माईनिंग प्लान के अनुसार नदी तट के किनारे से खनन क्षेत्र की दूरी नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत क्षेत्रफल उत्खनन किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें 4,300 वर्गमीटर नॉन माईनिंग क्षेत्र रखा गया है। अतः रेत उत्खनन का कार्य खदान के अवशेष 4.54 हेक्टेयर क्षेत्र में किया जाना प्रस्तावित है।

16. समिति के संज्ञान में यह तथ्य आया कि खदान क्षेत्र की अधिकतम 1455 मीटर, न्यूनतम 1420 मीटर है। खदान की नदी तट के किनारे से दूरी अधिकतम 40 मीटर, न्यूनतम 8 मीटर है। अतः नदी तट के किनारे से खनन क्षेत्र की दूरी नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत छोड़े जाने पर वर्तमान में प्रस्तुत माईनिंग प्लान में नॉन माईनिंग क्षेत्र की, की गई गणना से अधिक होगा। इस प्रकार प्रस्तुत माईनिंग प्लान में नॉन माईनिंग क्षेत्र हेतु की गई गणना में त्रुटि है। अतः वास्तविक नॉन माईनिंग क्षेत्र की गणना करते हुये संशोधित माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक को उपरोक्त विवरण अनुसार नॉन माईनिंग क्षेत्र की गणना (ग्राम से ग्राम 8 तेंदूआन में निर्धारित कर) करते हुये संशोधित अनुमोदित माईनिंग प्लान प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ की 364वीं बैठक दिनांक 27/03/2021 के परिक्रम में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 29/03/2021 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

(ग) समिति की 364वीं बैठक दिनांक 29/03/2021:

समिति द्वारा गत्ती प्रस्तुत जानकारी का आकलन एवं चर्चा करने पर निम्न स्थिति पाई गई—

1. संशोधित अनुमोदित माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो खनिज अधिकारी, जिला-कोरिया के ज्ञापन क्रमांक 887/खनिज/2021 कोरिया बैकुण्ठपुर दिनांक 24/03/2021 द्वारा अनुमोदित है।
2. नदी के पाट की चौड़ाई अधिकतम 136 मीटर, न्यूनतम 62 मीटर है, जबकि खदान की नदी तट के किनारे से दूरी अधिकतम 41 मीटर, न्यूनतम 8 मीटर है। नदी दिशा निर्देशों के अनुसार नदी तट से न्यूनतम 7.5 मीटर अथवा नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत दूरी तक के क्षेत्र में खनन नहीं किया जा सकता। माईनिंग प्लान के अनुसार नदी तट के किनारे से खनन क्षेत्र की दूरी नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत छोड़कर उत्खनन किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें 3,940 वर्गमीटर नॉन माईनिंग क्षेत्र रखा गया है। अतः रेत उत्खनन का कार्य खदान के अवशेष 4.588 हेक्टेयर क्षेत्र में किया जाना प्रस्तावित है।
3. रेत उत्खनन गैरमुक्त तिथि से एवं भराई का कार्य लीजधारक द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है।
4. परियोजना प्रस्तावक द्वारा 3 मीटर की गहराई तक उत्खनन की अनुमति मांगी है। अनुमोदित उत्खनन योजना में उत्खनन किए जाने वाले क्षेत्र की वार्षिक रेत पुनःभरण संबंधी अध्ययन कार्य एवं तलस्थली आकृतियों का सत्यापन नहीं किया गया है। गंगेवली नदी छोटी नदी है तथा इसमें वर्षाकाल में अधिकतम 1 मीटर गहराई से अधिक रेत का पुनःभराव होने की संभावना है।

समिति द्वारा विचार किया जाने उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया—

1. आवेदित खदान (ग्राम-उमेरपुर) का रकबा 4.88 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में स्थित/संचालित खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर या उससे कम होने के कारण यह खदान सी-2 श्रेणी की मानी गयी।

2. **वृक्षारोपण कार्य** – प्रस्तावित के आधार पर नदी तट पर कुल 2,600 नग पौधे – 1,200 नग अर्जुन के पौधे तथा शेष 1,200 नग (जामुन, करंज, बांस, आम आदि) पौधे लगाए जायेंगे। इसके अतिरिक्त पहुंच मार्ग पर 200 नग पौधे लगाए जायेंगे।

3. परियोजना प्रस्तावक रेत खदान क्षेत्र में आगामी 1.5 वर्ष में विस्तृत गाद अध्ययन (Siltation Study) करायेगा, ताकि रेत के पुनःभरण (Replenishment) बाबत सही आंकड़े, रेत उत्खनन का नदी, नदीतल, स्थानीय वनस्पति, जीव एवं मृदा जीवों पर प्रभाव तथा नदी के पानी की गुणवत्ता पर रेत उत्खनन के प्रभाव की सही जानकारी प्राप्त हो सके।

4. **लीज क्षेत्र की सतह का बेसलाईन डाटा** –

   i. रेत खनन उपरांत मानसून के पूर्व (मई माह के अंतिम सप्ताह / जून के प्रथम सप्ताह) इसी दिन बिन्दुओं में माईनिंग लीज क्षेत्र तथा लीज क्षेत्र के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में 100 मीटर तक तथा खनन लीज के बाहर / नदी तट (दोनों ओर) के 100 मीटर तक के क्षेत्र में नदी सतह के स्तरों (Levels) का भी पूर्व निर्धारित दिन बिन्दुओं पर किया जायेगा।

   ii. इसी प्रकार मानसून के बाद (अक्टूबर / नवम्बर माह में रेत उत्खनन प्रारंभ करने के पूर्व) इन्हीं दिन बिन्दुओं पर रेत सतह के लेवल्स (Levels) का मापन किया जाएगा।

   iii. रेत सतह के पूर्व निर्धारित दिन बिन्दुओं पर रेत सतह के लेवल्स (Levels) के मापन का कार्य आगामी 3 वर्ष तक निरंतर किया जाएगा। पोस्ट–मानसून के आंकड़े दिसम्बर 2021, 2022, 2023 एवं प्री–मानसून के आंकड़े अगस्त 2021, 2022, 2023 तक अनिवार्य रूप से एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत किए जायेंगे।

5. समिति द्वारा विचार निर्णय उपरांत सर्वसम्मति से की कोसलेन्द्र पुरवा, एम–1, उमेशपुर सीमा माईन, खसरा क्रमांक 46 एवं 1414, ग्राम–उमेशपुर, तहसील–रामानुजगंज, जिला–सूरजपुर, कुल लीज क्षेत्रफल 4.00 हेक्टेयर में से गैर माईनिंग क्षेत्र 3.940 वर्गमीटर क्षेत्र कम करने 4.588 हेक्टेयर क्षेत्र में रेत उत्खनन अधिकतम 1 मीटर की गहराई तक सीमित रखते हुए, कुल 45,000 घनमीटर प्रतिवर्ष रेत उत्खनन हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति, जारी दिनांक से 02 वर्ष तक की अवधि हेतु दिये जाने की अनुशंसा की गई। रेत की खुदाई मशिनों द्वारा (Manually) की जाएगी। नियर बेड (River Bed) में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। लीज क्षेत्र में स्थित रेत खुदाई गड्ढे (Excavation pits) से लोडिंग प्वाईंट तक रेत का परिवहन ट्रेक्टर ट्रॉली द्वारा किया जाएगा।

6. गैर माईनिंग क्षेत्र एवं अवशेष माईनिंग क्षेत्र का नीचे पर खनिज विभाग से स्पष्ट सीमांकन करने के उपरांत ही खनिज विभाग द्वारा उत्खनन की अनुमति दी जाएगी।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 12/05/2021 की संपन्न 109वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा नस्ती का अवलोकन किया गया। विचार विमर्श उपरांत प्राधिकरण द्वारा कार्यालयी से समिति की अनुशंसा को मंजूर करते हुये की कोसलेन्द्र पुरवा, एम–1, उमेशपुर सीमा माईन, खसरा क्रमांक 46 एवं 1414, ग्राम–उमेशपुर, तहसील–रामानुजगंज, जिला–सूरजपुर, कुल लीज क्षेत्रफल 4.00 हेक्टेयर में से गैर माईनिंग क्षेत्र 3.940 वर्गमीटर क्षेत्र कम करने 4.588 हेक्टेयर क्षेत्र में रेत उत्खनन अधिकतम 1 मीटर की

गहराई तक खोदित गड्ढे हुए, कुल 45,000 घनमीटर प्रतिवर्ष रेत उत्खनन हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति जारी दिनांक से 02 वर्ष तक की अवधि हेतु दिये जाने का निर्णय लिया गया।

परियोजना प्रस्तावक को पर्यावरणीय स्वीकृति जारी किया जाए।

41. मेसर्स भारिका स्टील एण्ड एलॉयज इन्फ्राटेक, ग्राम–तुमिडीह, ओ.सी. जिन्दल इण्डस्ट्रियल पार्क, तहसील–धरसींवा, जिला–रायगढ़ (अधिवालय का नवमी क्रमांक 815)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ आईएनडी/ 342481/2019, दिनांक 08/04/2019 द्वारा टी.ओ.आर हेतु आवेदन किया गया था। तत्पश्चात् से प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ आईएनडी/ 342481/ 2019, दिनांक 20/01/2021 द्वारा फाईनल ई.आई.ए. रिपोर्ट प्रस्तुत कर पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए आवेदन किया गया।

प्रस्ताव का विवरण – परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तावित कार्यकलाप के तहत ओ.सी. जिन्दल इण्डस्ट्रियल पार्क, ग्राम–तुमिडीह, तहसील–धरसींवा, जिला–रायगढ़ स्थित प्लाट क्रमांक 186 एवं 188(ए), कुल क्षेत्रफल – 2.76 हेक्टेयर में इण्डक्शन फर्नेस सिंक रीसीडिंग (10 टन गुणा 2 नग) (एम.एस. इंगोट/बिलेट) क्षमता – 66,400 टन प्रतिवर्ष से इण्डक्शन फर्नेस सिंक रीसीडिंग (12 टन गुणा 4 नग) (एम.एस. इंगोट/बिलेट) क्षमता – 1,42,080 टन प्रतिवर्ष के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है। वर्तमान में आवंटित इकाई की विनियोग लागत 15.09 करोड़ है। प्रस्तावित कार्यकलाप हेतु परियोजना का विनियोग लगत 6.05 करोड़ होगा।

एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 27/07/2018 द्वारा प्रकरण बी–1 कैटेगरी का होने के कारण भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा अप्रैल 2016 में प्रकाशित स्टैण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) फॉर ई.आई.ए./ई.एम.पी. रिपोर्ट फॉर प्रोजेक्ट्स/एक्टीविटीज रिक्वायरिंग इण्वायरमेंट क्लीयरेंस अण्डर ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित कंपनी 3(ए) का स्टैण्डर्ड टीओआर (लोक सुनवाई सहित) मेटालर्जिकल इण्डस्ट्रीज (फेरस एण्ड नॉन–फेरस) हेतु टी.ओ.आर. जारी किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 337वीं बैठक दिनांक 11/02/2021:

समिति द्वारा प्रकरण की नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण तथा उपस्थित सदस्यगणों से विस्तारपूर्वक निर्णय लिया गया कि:–

1. जारी टी.ओ.आर. एवं अतिरिक्त टी.ओ.आर. के पालन में की गई कार्यवाही की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की जाए।
2. सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु विस्तृत प्रस्ताव पूर्ण विवरण के साथ प्रस्तुत किया जाए।
3. परियोजना प्रस्तावक को उपलब्ध समस्त पूर्ण जानकारी / दस्तावेज (प्रस्ताव कोष्ठकों सहित) के साथ प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदनुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 17/03/2021 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

(4) समिति की 262वीं बैठक दिनांक 22/03/2021

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री राजा नर्रा, पार्टनर एवं नेलसन एनवायरो (सेमीकंडक्टर) प्राइवेट लिमिटेड की ओर से श्रीवास्तव की उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

1. **जारी पर्यावरणीय स्वीकृति –**

- पूर्व में राज्य स्तर पर्यावरण सम्मेलन निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.) छत्तीसगढ़ के ज्ञापन क्रमांक 760, दिनांक 06/12/2017 द्वारा इन्फ्रास्ट्रक्चर फर्नेस क्षमता – 59,400 टन प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की गई थी।

- पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की बिन्दुवार जानकारी भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय, नागपुर के ज्ञापन दिनांक 14/01/2021 के द्वारा कर प्रस्तुत की गई है, जिसके अनुसार 2 शर्तों का पालन नहीं किया गया है एवं 2 शर्तों का आंशिक पालन बताया गया है।

- परियोजना प्रस्तावक द्वारा अपूर्ण शर्तों के संबंध में निम्नानुसार कार्यवाही किया जाना बताया गया:-

  i. इन्फ्रास्ट्रक्चर कंस्ट्रक्शन सेल का गठन किया गया है।

  ii. हाउस किपिंग के सुधार हेतु अतिरिक्त वीटर सिक्योरिटी की स्थापना की गई है।

  iii. परिसर के 35.14 प्रतिशत क्षेत्र में 1,000 नग वृक्षारोपण किया गया है, जिसकी वृद्धि हेतु 600 नग वृक्ष प्रतिस्थापन रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है।

  iv. पर्यावरणीय स्वीकृति शर्तों का पालन प्रतिवेदन नियमित समयावधि में प्रस्तुत किया गया। आगामी प्रतिवेदन ऑनलाईन के माध्यम से भी प्रस्तुत किया जाएगा।

2. **जल एवं वायु सम्मति –**

- छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, ओटल नगर से इन्फ्रास्ट्रक्चर फर्नेस क्षमता – 59,400 टन प्रतिवर्ष हेतु जल एवं वायु सम्मति दिनांक 13/11/2018 को जारी की गई है।

- पूर्व में जारी सम्मति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की बिन्दुवार जानकारी प्रस्तुत की गई है।

3. **समीपस्थ स्थित क्रियाकलापों संबंधी जानकारी –**

- समीपस्थ आबादी ग्राम-धुमिडीह 0.37 कि.मी. एवं शहर बालोद 16.4 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। निकटतम रेलवे स्टेशन धमतरी 12.5 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रमार्ग 1.8 कि.मी. है। जेलवे नदी 2.7 कि.मी., मालहर नाला 7.8 कि.मी. एवं रेवो बांध 7.87 कि.मी. की दूरी पर है।

- उर्दगा आरक्षित वन 8.8 कि.मी., बालकवन आरक्षित वन 8.1 कि.मी., खरेडुबरी आरक्षित वन 5.7 कि.मी., एवाईपल आरक्षित वन 7.3 कि.मी., रेवो आरक्षित वन

7.8 कि.मी., गणकमना आवंटित कर 2.6 कि.मी. एवं जलापूर्ति संबंधित कर 0.7 कि.मी. है।

- परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अन्तर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

4. **लैण्ड एरिया स्टेटमेंट** – कुल क्षेत्रफल 2.76 हेक्टेयर है, जिसमें से कंवट्टी क्षेत्र एवं विस्तार का क्षेत्रफल 0.53 हेक्टेयर, रोड एवं पेव का क्षेत्रफल 0.1 हेक्टेयर, खुला क्षेत्रफल 1.08 हेक्टेयर तथा हरित पट्टिका हेतु प्रस्तावित क्षेत्रफल – 1.08 हेक्टेयर (39 प्रतिशत) होगा। प्रस्तावित कार्यकलाप हेतु अतिरिक्त भूमि अधिग्रहित किया जाना प्रस्तावित नहीं है।

5. **दी–मटेरियल (प्रस्तावित कार्यकलाप) –**

S. No.	Raw Material	Quantity (TPA)	Mode of Transport
a)	Sponge Iron	1,32,615	By Road (through covered trucks)
b)	CI/Pig Iron / Heavy Scrap	29,224	By Road (through covered trucks)
c)	Ferro Alloys & Aluminium	1,463	By Road (through covered trucks)
d)	Ramming Mass and Refractory Lining	209	By Road (through covered trucks)

6. **स्थापित एवं प्रस्तावित इकाईयों संबंधी जानकारी –**

Product	Existing Configuration & Capacity	Configuration & Capacity After Proposed Expansion
MS Ingots / Billet	10 T X 2 Nos. Induction Furnace along with CCM (59,400 TPA)	*12 T X 4 Nos. Induction Furnace along with CCM (1,42,560 TPA)
Note – * Up-gradation of its 10 T X 2 Nos. of induction to 12 T X 4 Nos. Induction Furnace		

7. **वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** – वर्तमान में इण्डक्शन फर्नेस से वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु बुशिंग, भर्तक कुंड के साथ डस्ट कलेक्टर तथा बैग फिल्टर एवं 30 मीटर ऊंची चिमनी स्थापित है। प्रस्तावित कार्यकलाप हेतु वर्तमानुसार मेटल का उत्पादन 30 मिलियन/सामान्य पार्टिकल से 30 मिलियन/सामान्य पार्टिकल कम करने के उद्देश्य से इण्डक्शन फर्नेस में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु सीलड डस्ट कलेक्शन सिस्टम के साथ उच्च दक्षता का बैग फिल्टर स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। फ्यूजिटीव डस्ट उत्सर्जन नियंत्रण हेतु जल छिड़काव की व्यवस्था है। यही व्यवस्था प्रस्तावित कार्यकलाप हेतु भी अपनाई जाएगी।

8. **ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था** – प्रस्तावित कार्यकलाप के पश्चात् इण्डक्शन फर्नेस से डिस्कार्डेड स्लैग – 3,862 टन प्रतिवर्ष, स्क्रैप – 18,788 टन प्रतिवर्ष एवं दी–कंवट्टी स्लैग – 125 टन प्रतिवर्ष ठोस अपशिष्ट के रूप में उत्पन्न होगा। डिस्कार्डेड स्लैग को स्वयं के इण्डक्शन फर्नेस में दी–मटेरियल के

बन्ध में उपयोग किया जाएगा। शहर को नेटवर्क रिक्लामेशन यूनिट्स की डिलिवर किया जाएगा। सी-कंबाईन नेक्ट रिसाईकल/लेण्ड फिल को उपलब्ध कराया जाएगा। वर्तमान में जनित ठोस अपशिष्टों के अपघटन हेतु उपयोगी व्यवस्था अपनाई गई है।

9. **जल प्रबंधन व्यवस्था –**

- **जल खपत एवं स्रोत** – वर्तमान में परियोजना हेतु 23 घनमीटर प्रतिदिन (पेयजल उपयोग हेतु 3 घनमीटर प्रतिदिन एवं अन्य उपयोग हेतु 20 घनमीटर प्रतिदिन) जल की खपत होती है। प्रस्तावित कार्यकलाप के पश्चात् परियोजना हेतु कुल 66 घनमीटर प्रतिदिन (पेयजल उपयोग हेतु 3 घनमीटर प्रतिदिन एवं अन्य उपयोग हेतु 63 घनमीटर प्रतिदिन) का उपयोग किया जाना प्रस्तावित है। आवश्यक जल की आपूर्ति भू-जल से की जाती है। जिसके लिए सेन्ट्रल ग्राउण्ड वाटर अथॉरिटी से अनुमति प्राप्त की गई है। यही व्यवस्था प्रस्तावित कार्यकलाप हेतु भी अपनाई जाएगी। प्रस्तावित कार्यकलाप हेतु आवश्यक जल की आपूर्ति हेतु सेन्ट्रल ग्राउण्ड वाटर अथॉरिटी से अनुमति के लिए आवेदन किया गया है, जो कि प्रक्रियाधीन है।

- **जल प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** – औद्योगिक प्रक्रिया से दूषित जल उत्पन्न नहीं होता है। कूलिंग उपरांत प्राप्त दूषित जल को एकत्र कर पुनः कूलिंग हेतु उपयोग में लाया जाता है। प्रस्तावित कार्यकलाप के पश्चात् उपयोगी व्यवस्था अपनाई जाएगी। घरेलू दूषित जल की मात्रा 2.4 घनमीटर प्रतिदिन है। वर्तमान में घरेलू दूषित जल के उपचार हेतु सेप्टिक टैंक एवं सोकपिट निर्माण किया गया है। प्रस्तावित कार्यकलाप के पश्चात् घरेलू दूषित जल के उपचार हेतु 5 घनमीटर प्रतिदिन क्षमता का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। उपचारित जल को डिसइंफेक्शन कर गुणवत्ता में पुनःउपयोग किया जाएगा। शून्य निस्तारण की स्थिति रखी जाएगी।

- **भू-जल उपयोग प्रबंधन** – परियोजना स्थल सेंट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड के अनुसार सेफ जोन में आता है। जिसके अनुसार–

  (अ) पुराने एवं खराब उपकरणों को कम से कम 40 प्रतिशत दूषित जल का पुनःचक्रण एवं पुनःउपयोग किया जाना है।

  (ब) ग्राउण्ड वाटर निकासी हेतु अपनाई गई तकनीक तथा रेनवाटर हार्वेस्टिंग / आर्टिफिशियल जल निकासी के आधार पर भू-जल निकाले जाने की अनुमति सेंट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड द्वारा दिये जाने का प्रावधान है। अतः उद्योग को रेनवाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था किया जाना आवश्यक है।

- **रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था** – उद्योग परिसर में वर्षा के पानी का कुल एकत्रीकरण 11,073 घनमीटर है। वर्तमान में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था के अंतर्गत 4 नग रिचार्ज पिट (व्यास 1 मीटर एवं गहराई 3 मीटर) निर्मित किया गया है। प्रस्तावित कार्यकलाप उपरांत स्थापित रिचार्ज पिट के स्थान पर 4 नग रिचार्ज पिट (व्यास 2.5 मीटर एवं गहराई 3 मीटर) एवं 4 नग रिचार्ज पिट (व्यास 2.5 मीटर एवं गहराई 3 मीटर) निर्मित किया जाना प्रस्तावित है। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था पश्चात् परिसर के पूर्व एकत्रीकरण को रिचार्ज किया जा सकेगा। सभी रिचार्ज स्ट्रक्चर्स इस प्रकार निर्मित किए जाएंगे कि इसमें समान मात्रा में वर्षा जल का संग्रहण हो सके।

10. **विद्युत आपूर्ति स्थिति** – परियोजना हेतु कुल 12 मेगावॉट विद्युत की आवश्यकता होगी, जिसकी आपूर्ति निदेश मॉडल एनर्ज पॉवर लिमिटेड से की जाएगी। वैकल्पिक व्यवस्था हेतु 500 के.वी.ए. का 1 नग डी.जी. सेट स्थापित है।

11. **वृक्षारोपण संबंधी जानकारी** – परियोजना में प्रस्तावित वनस्पति के विकास हेतु कुल क्षेत्रफल के 0.87 हेक्टेयर (35 प्रतिशत) क्षेत्र में 1,888 नग पौधे रोपित किये गये हैं एवं प्रस्तावित कार्यक्रमों के तहत अतिरिक्त 0.08 हेक्टेयर क्षेत्र में 154 नग पौधे रोपित किया जाना प्रस्तावित है। इस प्रकार कुल 1.05 हेक्टेयर (38 प्रतिशत) क्षेत्र में 2,012 नग वृक्षारोपण होगा।

12. **ई.आई.ए. रिपोर्ट का विश्लेषण**–

i. **जल एवं वायु आदि गुणवत्ता संबंधी जानकारी** – परियोजना कार्य 15 मार्च से 15 जून 2018 के मध्य किया गया है। 10 कि.मी. के अंतर्गत 8 स्थानों पर परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन, 8 स्थानों पर भू-जल गुणवत्ता मापन, 8 स्थानों पर ध्वनि स्तर मापन, 8 स्थानों पर सतही जल गुणवत्ता तथा 8 स्थानों पर मिट्टी के नमूने एकत्रित कर विश्लेषण किया गया है।

ii. परियोजना परिसरों के अनुसार पी.एम.$_{2.5}$ 16.3 से 28.8 माईक्रोग्राम/घनमीटर, पी.एम.$_{10}$ 42.4 से 88.2 माईक्रोग्राम/घनमीटर, एस.ओ.$_2$ 4.7 से 20.1 माईक्रोग्राम/घनमीटर तथा एन.ओ.$_{2}$ 14.1 से 30 माईक्रोग्राम/घनमीटर पाई गई है। परियोजना स्थल के आसपास जल स्रोतों की गुणवत्ता भारतीय मानक के अनुसार है। परिवेशीय ध्वनि स्तर (Day time) 48.1 डीबीए से 61.7 डीबीए एवं रात्रि स्तर (Night time) 32.9 डीबीए से 37.2 डीबीए पाया गया।

iii. भारी वाहनों / मशीनरीयुक्त हैवी वाहनों को सम्मिलित करते हुए ट्रैफिक आकलन रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई है।

iv. अतिरिक्त टी.ओ.आर. के बिन्दु क्रमांक 8 का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है।

13. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा समिति के समक्ष विस्तार के कार्य अन्तर्गत निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है–

Additional Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
500	1%	5.0	Following activities at Nearby 1. Government Middle School Village-Tumidih	
			Rain Water Harvesting System	1.65
			Potable Drinking Water Facility	0.25
			Running Water Facility for Toilets	0.25

			Distribution of books to students relating to conservation and protection of environment	0.05
			Total	**3.30**
			2. Government Primary School **Village-Turidih**	
			Rain Water Harvesting System	0.65
			Potable Drinking Water Facility	0.75
			Running Water Facility for Toilets	0.35
			Distribution of books to students relating to conservation and protection of environment	0.05
			Total	**1.80**
			3. Government Primary Indira Awas School, **Village-Turidih**	
			Rain Water Harvesting System	0.55
			Potable Drinking Water Facility	0.20
			Running Water Facility for Toilets	0.20
			Distribution of books to students relating to conservation and protection of environment	0.05
			Total	**1.00**
			Grand Total	**5.90**

14. **लोक सुनवाई का विवरण** – लोक सुनवाई दिनांक 03/12/2020 प्रातः 11:00 बजे ग्राम अंबारी मंदिर प्रांगण, ग्राम–तुरीडीह, तहसील–तमनार, जिला–रायगढ़ में आयोजित हुई। लोक सुनवाई कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नया रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर के पत्र दिनांक 31/12/2020 द्वारा प्रेषित किया गया है।

15. **जनसुनवाई के दौरान मुख्य रूप से निम्न सुझाव/विचार प्रस्तुत किये गये हैं:–**

   1. उद्योग द्वारा गतिविधि का परिचालन एवं पर्यावरण बनाकर निजी भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। इस हेतु किसी प्रकार का नगद भुगतान नहीं किया जा रहा है।

ii. जैसे उत्तराखण्ड में मलबा पालन हेतु 10 प्रतिशत छूट प्राप्त किया गया है जिस पर मलबा पालन किया जा रहा है। उद्योग के अपना विस्तार एवं आस-पास स्थित अन्य उद्योगों से प्रदूषण होने की संभावना है।

iii. कोविड-19 महामारी के कारण केवल 100 व्यक्तियों को ही अपना विचार प्रकट करने की अनुमति प्रदान है, जबकि जनसुनवाई का अर्थ ही लोगों की सुनवाई अर्थात् उद्योग स्थल के आस-पास के लोगों की सुनवाई है। इस प्रकार वर्ग विशेष को वंचित करना तथा लक्षित विशेष को स्थान देना पूर्ण तरह अनुचित है। साथ ही उद्योग स्थापित करने व विस्तार से विभिन्न परेशानियां जैसे बढ़ती यातायात, ध्वनि प्रदूषण, धूल प्रदूषण, वायु प्रदूषण अपने शीर्ष पर है।

iv. पूर्वोत्तर पर्वतीय अनुसूची क्षेत्र के अंतर्गत आता है जहां पर पेसा एक्ट कानून लागू है। इस कानून के तहत ग्राम पंचायतों से अनुमति लेने का प्रावधान है।

v. प्रभावितता के आधार पर स्थानीय लोगों को ही रोजगार दिया जाना चाहिए।

vi. पूर्वोत्तरवर्ती क्षेत्र, उद्योग स्थल से 10 कि.मी. के भीतर उत्तराखण्ड राज्य की पहाड़ी जिलों आस पास क्षेत्र इसी प्रभावित क्षेत्र है। हाल्दिया द्वारा कृषकों की फसलों का नुकसान एवं कई अन्य स्थानीय व्यक्तियों को कुप्रभावित करने का भी रिपोर्ट जारी किया गया है तथा इस क्षेत्र में 12 महीने वाहनों का आना-जाना लगभग लगा रहता है। जबकि ई.आई.ए. रिपोर्ट में इस क्षेत्र को इसी प्रभावित क्षेत्र नहीं होना बताया गया है।

लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये विभिन्न मुद्दों के निराकरण की दिशा में परियोजना प्रस्तावक का कथन एवं प्रस्तावित कार्ययोजना संबंधी जानकारी निम्नानुसार है:-

i. उद्योग ओ.पी. जिंदल इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड में स्थापित है तथा इस औद्योगिक पार्क हेतु पीएलसीएल द्वारा निर्मित आवासीय-कार्ड तथा सड़क एवं पार्किंग आदि का उपयोग किया जाता है। कम्पनी ने कहीं पर भी किसी प्रकार से किसी अन्य की भूमि पर अवैध कब्जा नहीं किया है।

ii. उद्योग द्वारा वर्तमान में विद्युत चलित इन्फ्लक्शन फर्नेस का उपयोग किया जाता है एवं प्रस्तावित क्षमता विस्तार हेतु भी इन्फ्लक्शन फर्नेस का उपयोग किया जाएगा। ईंधन का उपयोग प्रस्तावित नहीं है। अतः परिवेशीय वायु पर पैदैक उत्सर्जन के कारण कोई प्रभाव नहीं होगा। तथा मलबा पालन पर भी कोई प्रभाव नहीं होगा।

iii. भारत सरकार द्वारा कोविड-19 में लोक सुनवाई हेतु दिशा निर्देशानुसार कार्यवाही की गयी है। शासन द्वारा दिये निर्देश के अनुपालन में एक स्थान पर 100 व्यक्तियों से अधिक प्रवेश सीमित था तथा उपस्थिति 100 व्यक्तियों से अधिक होने की दशा में अनुमति पूर्व पर दो पृथक-पृथक सभाएं आयोजित गयी थी, जिससे सभी को अपना अभिमत रखने का अवसर मिल सके। प्रस्तावित परियोजना में प्रदूषण की रोकथाम हेतु इन्फ्लक्शन फर्नेस इकाईयों में उपयुक्त क्षमता की बैग फिल्टर स्थापित किया जाएगा। न्यूनतिकरण कार्य उत्सर्जन नियंत्रण हेतु जल छिड़काव की व्यवस्था की जाएगी।

iv. नियमानुसार इकाई क्षेत्रफल, निजी क्षेत्रीय पार्क में संचालित है एवं अमला निजी पार्क में किया जाना है। अतः ग्राम पंचायतों की अनुमति आवश्यक नहीं है।

v. निर्धारित कंटेजपार्ट की पॉलिसी के आधार पर स्थानीय लोगों की आवश्यकतानुसार रोजगार हेतु प्राथमिकता दी जायेगी।

vi. क्षेत्र एनीमेन्ट कॉरिडोर में आच्छादित नहीं आता है। ई.आई.ए. रिपोर्ट के अध्याय – 3 के 3.8 के अनुसार आवागमन क्षेत्र में हाथियों का आवागमन होना प्रतिवेदित किया गया है। 10 किलोमीटर की परिधि में हाथियों का आवागमन होना पाये जाने के कारण उद्योग प्रबंधन द्वारा क्षेत्र की वन्य प्राणी संरक्षण योजना तैयार करने हेतु निर्धारित सक्षम प्राधिकारी (प्रधान मुख्य वन संरक्षक(प्र.म.) एवं मुख्य वन्यप्राणी) के समक्ष आवेदन किया जाएगा।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–

1. भारी वाहनों / मल्टीएक्सल हैवी वाहनों को समाहित करते हुये ट्रैफिक आवागमन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।
2. 10 किलोमीटर की परिधि में हाथियों का आवागमन होना पाये जाने के कारण उद्योग प्रबंधन द्वारा क्षेत्र की वन्य प्राणी संरक्षण योजना तैयार कर, निर्धारित सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन उपरांत प्रस्तुत की जाए।
3. अतिरिक्त टी.ओ.आर. के बिन्दु क्रमांक 8 के अनुसार "Project proponent shall submit compliance report from Regional Office, Chhattisgarh Environment Conservation Board if any violation related to environmental pollution committed by industry in last one year and the remedial measures taken in this regard." जानकारी प्रस्तुत की जाए।
4. परियोजना प्रस्तावक को उपलब्ध समस्त पूर्ण जानकारी / दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ की 362वीं बैठक दिनांक 29/03/2021 के परिक्रम में परियोजना प्रस्तावक द्वारा जानकारी / दस्तावेज दिनांक 26/03/2021 को प्रस्तुत किया गया।

(4) समिति की 364वीं बैठक दिनांक 25/03/2021:

समिति द्वारा भारी, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:–

1. भारी वाहनों / मल्टीएक्सल हैवी वाहनों को समाहित करते हुये ट्रैफिक आवागमन रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है, जिसके अनुसार अमला दिवाल के उपयोग से टी–पोर्टियल / ओवरब्रिज के निर्माण हेतु सड़क मार्ग की ओर सीमित अमला निर्धारित मानक के भीतर है।
2. 10 किलोमीटर की परिधि में हाथियों का आवागमन होना पाये जाने के कारण उद्योग प्रबंधन द्वारा क्षेत्र की वन्य प्राणी संरक्षण योजना तैयार किये जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी के समक्ष आवेदन किये जाने की प्रति प्रस्तुत की गई है।
3. अतिरिक्त टी.ओ.आर. के बिन्दु क्रमांक 8 के पालन के संबंध में परियोजना प्रस्तावक द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, रायपुर के

समक्ष आवेदन किये जाने की प्रति प्रस्तुत की गई है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा यथावश्यक प्रस्तुत किये जाने की जानकारी दी गई है।

4. समिति के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि पूर्व में राज्य स्तर पर्यावरण सम्बन्धित निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ के ज्ञापन क्रमांक 722, दिनांक 08/12/2017 द्वारा जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के विरुद्ध स्वीकृति निरस्त किये जाने के संबंध में माननीय एन.जी.टी., डिविजनल बेंच, नई दिल्ली के समक्ष श्री रमेश अग्रवाल द्वारा दायर याचिका भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली एवं अन्य – ओरिजिनल एप्लिकेशन नं. 33/2019 (CZ) में विचाराधीन है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–

1. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से इस्पातिन कार्यालय के समक्ष ओ.पी. जिंदल इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, ग्राम–तुमिडीह, तहसील–धरसीवा, जिला–रायपुर स्थित प्लाट क्रमांक 186 एवं 186(ए), कुल क्षेत्रफल – 2.18 हेक्टेयर में इन्फ्लक्शन फर्नेस विथ सीसीएम (10 टन गुणा 2 नग) (एम.एस. इंगोट/बिलेट) क्षमता – 59,400 टन प्रतिवर्ष से इन्फ्लक्शन फर्नेस विथ सीसीएम (12 टन गुणा 4 नग) (एम.एस. इंगोट/बिलेट) क्षमता – 1,42,560 टन प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति दिए जाने की अनुशंसा की गई। पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में लिए गए निर्णय माननीय एन.जी.टी., डिविजनल बेंच, नई दिल्ली के समक्ष विचाराधीन ओरिजिनल एप्लिकेशन नं. 33/2019 (CZ) में माननीय न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय के अधीन होगा।

2. 10 किलोमीटर की परिधि में इकाइयों का अव्यवस्थित क्षेत्र पाये जाने के कारण उपयोग प्रबंधन द्वारा क्षेत्र की वन्य प्राणी संरक्षण योजना तैयार कर, सक्षम प्राधिकारी से विधिवत अनुमति प्राप्त कर, योजना अनुसार कार्य संपादित किया जाए तथा अनुमोदित योजना की प्रति एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को प्रेषित की जाए।

3. अतिरिक्त टी.ओ.आर. के बिन्दु क्रमांक 8 के अनुसार "Project proponent shall submit compliance report from Regional Office, Chhattisgarh Environment Conservation Board if any violation related to environmental pollution committed by industry in last one year and the remedial measures taken in this regard." के संबंध में जानकारी प्रस्तुत किये जाने के उपरांत ही पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की जाए।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – प्रस्तावित प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 13/05/2021 को संपन्न 74वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा गहरी चर्चा का अवलोकन किया गया। प्राधिकरण द्वारा नोट किया गया कि अतिरिक्त टी.ओ.आर. के बिन्दु क्रमांक 8 के अनुसार "क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, जिला–रायपुर के ज्ञापन दिनांक 31/03/2021 द्वारा मैसर्स ओ.पी. जिंदल एण्ड एसोसिएट एसएसएल, औद्योगिक क्षेत्र, ग्राम–तुमिडीह, पुरैनीआर, जिला–रायपुर के विरुद्ध माननीय न्यायालय में कोई वाद या प्रकरण दायर नहीं किया गया है।" संबंध जानकारी प्रस्तुत की गई है।

विचार विमर्श उपरांत प्राधिकरण द्वारा सर्वसम्मति से समिति की अनुशंसा को स्वीकार करते हुये निम्नानुसार निर्णय लिया गया कि ओ.पी. जिंदल इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, ग्राम–तुमिडीह, तहसील–धरसीवा, जिला–रायपुर स्थित प्लाट क्रमांक 186 एवं

1988(ए). कुल क्षेत्रफल – 2.76 हेक्टेयर में इमारतों वर्गीय मिश्र सीसीएल (10 टन मूल्य 2 नग) (एम.एस. इंगट/बिलेट) क्षमता – 88,400 टन प्रतिवर्ष से इमारतों वर्गीय मिश्र सीसीएल (12 टन मूल्य 4 नग) (एम.एस. इंगट/बिलेट) क्षमता – 1,42,560 टन प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने का निर्णय लिया गया।

